रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/2000 REGISTERED No. DL—33001/2000

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सत्यमेव जयते

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 12, 2000 (माघ 23, 1921)
No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 12, 2000 (MAGHA 23, 1921)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

## भाग III—खण्ड 4
## [PART III—SECTION 4]

**[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]**

**[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]**

---

भारतीय रिज़र्व बैंक
गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग
केन्द्रीय कार्यालय
केन्द्र 1, विश्व व्यापार केन्द्र,
कफ परेड, कोलाबा

मुंबई–400 005. दिनांक 15 नवंबर, 1999

सं० गैबैंपवि. 133/सीजीएम (ओपीए)–99––भारतीय रिज़र्व बैंक, जनहित में इसे आवश्यक मान कर तथा इस बात से संतुष्ट होकर कि बैंक देश के हित में ऋण प्रणाली को विनियमित कर सके, इस प्रयोजनार्थ गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां–जनता से जमा स्वीकरण (रिज़र्व रिज़र्व बैंक निदेशावली–1998 को संशोधित करना आवश्यक है, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धाराओं 45ञ, 45ट, 45ठ और 45ड द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा उन सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए जो उसे इस संबंध में समर्थ बनाती हैं, यह निदेश देता है कि 31 जनवरी, 1998 की अधिसूचना सं० डी एफ सी 118/डी जी (एसपीटी)/98 में निहित उक्त निदेश तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार संशोधित है, यथा––

पैराग्राफ 2 के, उप-पैराग्राफ (1) में, खंड (xii) में, उप खंड (छ) के बाद निम्नलिखित उप खंड जोड़ा जाएगा, अर्थात् :––

"(ज) किसी पारस्परिक निधि (म्युचुअल फंड) से, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड्स) विनियमावली, 1996 के नियंत्रणाधीन है, प्राप्त कोई राशि"।

ओ० पी० अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक

मुम्बई 400005, दिनांक 13 जनवरी 2000

सं० डीएनबीएस. 134/सीजीएम (बीएम एनएम)-2000 भारतीय रिज़र्व बैंक लोकहित में यह आवश्यक समझे जाने पर तथा इस बात से संतुष्ट होकर कि देश के लाभार्थ ऋण प्रणाली को विनियमित करने के प्रयोजनार्थ बैंक को समर्थ बनाने के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, जनता से प्राप्त जमाराशियों का स्वीकरण (रिज़र्व बैंक) निदेशावली 1998 को संशोधित करना आवश्यक है, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 (1934 का 2) की धारा 45 ञ, 45 ट, 45 ठ और 45 ड क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का और इस सम्बन्ध में इसे समर्थ बनाने वाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा यह निदेश देता है कि 31 जनवरी, 1998 की अधिसूचना सं० डी.एफ.सी. 118 डी.जी. (एस.पी.टी.)/98 में निहित उक्त निदेश तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार संशोधित होंगे, अर्थात् :—

1. पैराग्राफ 2 में, उप-पैराग्राफ (1) में खण्ड (ix) के बाद निम्नलिखित खण्ड (ixक) जोड़ा जायेगा, अर्थात् :—

"(ixक) "परस्पर लाभ वाली कंपनी" से ऐसी कंपनी अभिप्रेत है, जो कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 620ए के अंतर्गत अधिसूचित नहीं है तथा जो—

(क) 9 जनवरी, 1997 को गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था का कारोबार कर रही हो; और

(ख) जिसकी कुल शुद्ध स्वाधिकृत निधियां तथा अधिमान शेयर पूंजी दस लाख रुपए से कम न हो; और

(ग) जिसने 9 जुलाई, 1997 को या उससे पहले पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए रिज़र्व बैंक में आवेदन प्रस्तुत किया हो; और

(घ) जो कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 637ए के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा निधि कंपनियों को जारी निदेशों के सम्बन्धित प्रावधानों में निहित अपेक्षाओं का पालन कर रही हो ।"

2. पैराग्राफ 2 में, उप-पैराग्राफ (1) में खण्ड (xii) में उपखण्ड (ङ) के परन्तुक के बाद निम्नलिखित परन्तुक और जोड़ा जायेगा, अर्थात् —

"परन्तु यह भी कि निजी कंपनी के संयुक्त शेयरधारकों के मामले में पहले नाम वाले शेयरधारक को छोड़कर संयुक्त शेयरधारकों से या उनके नाम में प्राप्त राशियां कंपनी के शेयरधारक से प्राप्त राशि के रूप में माने जाने के लिए पात्र नहीं होंगी ।"

3. पैराग्राफ 2 में, उप-पैराग्राफ (1) में खण्ड (xii) के उप खण्ड (छ) के बाद निम्नलिखित नया उप-खण्ड जोड़ा जायेगा, अर्थात्—

"(ज) सकर (हाइब्रिड) ऋण या अनुषंगी ऋण के रूप में प्राप्त कोई राशि, जिसकी न्यूनतम परिपक्वता अवधि 60 महीने से कम न हो ।"

4. पैराग्राफ 3 में, उप-पैराग्राफ (1) में "परस्पर लाभ वाली कोई भी वित्तीय कंपनी" शब्दों के बाद निम्नलिखित शब्द जोड़े जायेंगे, अर्थात् —

"अथवा परस्पर लाभ वाली कंपनी" ।

5. पैराग्राफ 3 में, उप-पैराग्राफ (2) में "परस्पर लाभ वाली वित्तीय कंपनी" शब्दों के बाद निम्नलिखित शब्द जोड़े जायेंगे, अर्थात् —

"और परस्पर लाभ वाली कंपनी" ।

6. पैराग्राफ 4 में, उप-पैराग्राफ (1) में, खण्ड (i) के बाद निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जायेगा, अर्थात —

"परन्तु यह कि यह खण्ड इसके नीचे उप-पैराग्राफ (4) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट उपस्कर पट्टे पर देने वाली कंपनी या किराया खरीद वित्त कंपनी पर लागू नहीं होगा ।"

7. पैराग्राफ 4 में, उप-पैराग्राफ (12) में खण्ड (ii) में निम्नलिखित उप-खण्ड जोड़ा जायेगा, अर्थात्—

"(छ) उसी समूह की कम्पनियों या अन्य संस्थाओं या व्यावसायिक उद्यमों, जिनमें निदेशकों और/या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी का पर्याप्त हित हो, को प्रदान की गयी निधि एवं गैर-निधि आधारित सुविधाओं से प्राप्य कुल राशियों तथा उनके द्वारा देय कुल राशियों तथा ऐसी संस्थाओं को दिये गये कुल ऋण की राशि संबंधी सूचना ।"

8. पैराग्राफ 4 में, उप-पैराग्राफ (12) 3, खण्ड (ii) के बाद निम्नलिखित नया खण्ड जोड़ा जायेगा, अर्थात् —

"(iii) प्रत्येक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी नये जमाकर्ताओं का खाता खोलने तथा उनसे जमाराशियां स्वीकार करने के पहले उनकी उचित पहचान प्राप्त करेगी तथा इस प्रकार की पहचान के प्रयोजन के लिए जो साक्ष्य प्रस्तुत किया गया हो उसे अपने रिकार्ड में रखेगी ।"

9. पैराग्राफ 4 के बाद निम्नलिखित नया पैराग्राफ जोड़ा जायेगा, अर्थात्—

"4क. जमाराशियां प्राप्त करने के लिए शाखाएं तथा एजेंटों की नियुक्ति

13 जनवरी, 2000 को और उस तारीख से कोई भी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी निम्नलिखित परिस्थितियों को छोड़कर अपनी शाखा नहीं खोलेगी या जमाराशि प्राप्त करने के लिए एजेंट नियुक्त नहीं करेगी :

(i) ऐसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45 झ क के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त हो तथा जो इन निदेशों के पैराग्राफ 4 (4) के अनुसार जनता की जमाराशियां स्वीकार करने के लिए अन्यथा हकदार हो, अपनी शाखा खोल सकती है अथवा एजेंट नियुक्त कर सकती है, यदि उसकी

| | | |
|---|---|---|
| (क) शुद्ध स्वाधिकृत निधि 50 करोड़ रुपये तक हो | उस राज्य के भीतर जहां इसका पंजीकृत कार्यालय स्थित हो; और भारत में कहीं भी |

(ख) शुद्ध स्वाधिकृत निधि 50 करोड़ रुपये से अधिक हो तथा इसकी क्रेडिट रेटिंग ए ए या उससे ऊपर की हो

(ii) (क) शाखा खोलने के प्रयोजन के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी प्रस्तावित शाखा खोलने के अपने इरादे की जानकारी रिज़र्व बैंक को देगी,

(ख) ऐसी सूचना प्राप्त होने पर रिज़र्व बैंक, इस बात से संतुष्ट होने पर कि लोकहित में अथवा संबंधित गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी के हित में अथवा दर्ज किये गये अन्य किसी संबंधित कारण से ऐसा करना जरूरी है, प्रस्ताव अस्वीकार कर सकता है और उसे गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी को सूचित कर सकता है,

(ग) यदि रिज़र्व बैंक ऐसी सूचना प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर उक्त (ख) के अंतर्गत प्रस्ताव अस्वीकार करने की सूचना प्रेषित नही करता है, तो गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी अपने प्रस्ताव के संबंध में आगे की कार्रवाई कर सकती है ।

4ख. शाखाएं बंद करना

कोई भी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी तब तक अपनी शाखा, कार्यालय बंद नही करेगी, जब तक वह इस आशय की जानकारी किसी एक राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र में और संबंधित स्थान में परिचालित होने वाले एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में प्रकाशित न कर दे तथा प्रस्तावित बंदी के 90 दिन के पहले भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचित न कर दे ।

10. पैराग्राफ 9 के बाद, निम्नलिखित नया पैराग्राफ जोड़ा जायेगा, अर्थात्—

"9क. पैराग्राफ 4 से 7 तक में शामिल कोई भी बात उस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर लागू नहीं होगी, जो कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 617 के अंतर्गत यथापरिभाषित सरकारी कंपनी हो ।"

वी० एस० एन० मूर्ति
प्रभारी मुख्य महा प्रबंधक

---

सं० डी० एन० बी० एस० 135/सी०जी०एम०(वी०एस० ० एम०)-2000—भारतीय रिज़र्व बैंक लोकहित में यह आवश्यक समझे जाने पर तथा इस बात से संतुष्ट होकर कि देश के लाभार्थ ऋण प्रणाली को विनियमित करने के प्रयोजनार्थ बैंक को समर्थ बनाने के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी विवेकपूर्ण मानदंड (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1998 को संशोधित करना आवश्यक है, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45ञ क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का और इस संबंध में इसे समर्थ बनाने वाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निदेश देता है कि 31 जनवरी, 1998 की अधिसूचना सं० डी० एफ० सी० 119/डी०जी० (एस० पी० टी०)/98 में निहित उक्त निदेश तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार संशोधित होंगे, अर्थात्—

1. पैराग्राफ 1, उप-पैराग्राफ (1) में, खंड (क) में, "परस्पर लाभ वाली वित्तीय कंपनी" शब्दों के बाद निम्नलिखित शब्द जोड़े जायेंगे, अर्थात्—

"और परस्पर लाभ वाली कंपनी"

2. पैराग्राफ 1 में, उप-पैराग्राफ (3) में, निम्नानुसार एक नया खंड जोड़ा जायेगा, अर्थात्—

"(6) ये निदेश उस गर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर लागू नहीं होंगे, जो कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 617 के अंतर्गत यथापरिभाषित सरकारी कंपनी हो ।"

3. पैराग्राफ 11ख में, दूसरे परंतुक के बाद, निम्नलिखित स्पष्टीकरण जोड़ा जायेगा, अर्थात्—

स्पष्टीकरण :

"दरें न दिये जाने वाले शेयरों में किये जाने वाले निवेश की उच्चतम सीमा की गणना करते समय सभी कपनियों के ऐसे शेयरों में निवेश को जोड़ा जायेगा ।"

4. पैराग्राफ 9 के बाद, निम्नलिखित नये पैराग्राफ शामिल किये जायेंगे, अर्थात्—

"9क. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा लेखा-परीक्षा समिति का गठन

अपने अंतिम लेखा-परीक्षित तुलनपत्र के अनुसार 50 करोड़ रुपये अथवा अधिक की आस्तियां रखने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एक लेखा-परीक्षा समिति गठित करेगी, जिसमें उसके निदेशक मंडल के कम से कम तीन सदस्य होंगे ।

9ख. लेखा वर्ष

प्रत्येक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी 31 मार्च 2001 को समाप्त अपने लेखा-वर्ष से हर वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपना तुलनपत्र और लाभ-हानि लेखा तैयार करेगी :

परन्तु यह कि यदि किसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी का लेखा वर्ष 31 मार्च 2001 के अलावा किसी अन्य तारीख को समाप्त हो रहा हो, तो ऐसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी 31 मार्च 2001 को समाप्त वर्ष के किसी अंश के लिए अपना तुलनपत्र और लाभ-हानि लेखा तैयार करेगी ।"

मुकदमा दायर/डिक्रीशुदा ऋण संबंधी सूचना

5. भाग झ के बाद निदेश (रिपोर्टिंग फार्मेट) से संबद्ध फार्मेट में निम्नलिखित भाग-ञ जोड़ा जायेगा, अर्थात्—

"भाग ञ"

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी द्वारा तथा उसके विरुद्ध मुकदमा दायर और डिक्रीशुदा ऋणों के ब्यौरे

| मद का नाम | मद कूट | राशि |
|---|---|---|
| (i) ऋण अग्रिम अन्य ऋण सुविधाएं पट्टे पर दी गयी आस्तिया और किराया खरीद आस्तियां जिनके लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी द्वारा डिक्रीशुदा ऋणो सहित अपनी देय राशियों की वसूली हेतु किसी विधिक न्यायालय में मुकदमा दायर किया गया हो | 810 | |
| 5 वर्ष से अधिक के लिए लंबित | 811 | |
| 3 से 5 वर्ष तक के लिए लंबित | 812 | |
| 1 से 3 वर्ष के लिए लंबित | 813 | |
| एक वर्ष से कम के लिए लंबित | 814 | |
| (ii) उक्त (i) में से ऋण अग्रिम, अन्य ऋण सुविधाए तथा किराया खरीद आस्तियां ज जिनके लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी द्वारा डिक्री प्राप्त की गयी हो | 820 | |
| (iii) मुकदमा दायर/डिक्रीशुदा ऋणों के मामले में की गयी वसूलियां (न्यायालय मे जमा की गयी राशियो सहित) | 830 | |
| (iv) मुकदमा दायर तथा कंपनी के विरुद्ध डिक्रीशुदा | 840 | |

वी० एस० एन० मूर्ति
प्रभारी मुख्य महा प्रबंधक

---

सं० डीएनबीएस. 136/सीजीएम (वीएसएनएम)–2000—भारतीय रिज़र्व बैंक लोकहित में यह आवश्यक समझे जाने पर और इस बात से संतुष्ट होकर कि देश के लाभार्थ ऋण प्रणाली को विनियमित करने के प्रयोजनार्थ बैंक को समर्थ बनाने के लिए अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियां (रिज़र्व बैंक) निदेशावली 1987 का संशोधन करना आवश्यक है भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45 का, 45 ट, 45ठ और 45 ञ क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा यह निदेश देता है कि 15 मई 1987 की अधिसूचना सं० डीएनबी. 55/सीजी (ओ)–87 में निहित उक्त निदेश तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार संशोधित होंगे अर्थात्—

पैराग्राफ 4 क के बाद निम्नलिखित नये पैराग्राफ जोडे जायेंगे अर्थात्—

"जमाराशिया प्राप्त करने के लिए शाखाओं और एजेंटों की नियुक्ति

4ख. 13 जनवरी 2000 को और इस दिनांक से कोई भी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी यहां नीचे यथावर्णित के सिवाय जमाराशिया प्राप्त करने के लिए अपनी शाखाएं नही खोलगी या एजेंट नियुक्त नहीं करेगी।

(i) ऐसी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 (1934 का 2) की धारा 45 झ क के अंतर्गत जारी किया गया पंजीकृत प्रमाणपत्र प्राप्त हो अपनी शाखा खोल सकती है या एजेंट नियुक्त कर सकती है यदि उसकी

| | |
|---|---|
| (क) शुद्ध स्वाधिकृत निधि 50 करोड़ रुपये तक हो; | उस राज्य के भीतर जहां उसका पंजीकृत कार्यालय स्थित हों; और यदि |
| (ख) शुद्ध स्वाधिकृत निधि 50 करोड़ रुपये से अधिक हो | भारत में कहीं भी |

(ii) (क) शाखा/कार्यालय खोलने के प्रयोजन के लिए अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी प्रस्तावित शाखा खोलने के अपने इरादे की जानकारी रिज़र्व बैंक को देगी;

(ख) ऐसी सूचना प्राप्त होने पर भारतीय रिज़र्व बैंक, इस बात से संतुष्ट होने पर कि लोकहित में अथवा संबंधित अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी के हित में अथवा दर्ज किये गये अन्य संबंधित कारण मे आवश्यक है, प्रस्ताव अस्वीकार कर सकता है और उसे अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी को सूचित कर सकता है;

(ग) यदि रिज़र्व बैंक ऐसी सूचना प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर उक्त (ख) के अंतर्गत प्रस्ताव अस्वीकार करने की सूचना प्रेषित नहीं करता है, तो अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी अपने प्रस्ताव के संबंध में आगे की कार्रवाई कर सकती है।

शाखाए बंद करना

4ग. कोई भी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी तब तक अपनी शाखा/कार्यालय बंद नहीं करेगी, जब तक वह इस आशय की जानकारी बंद करने की प्रस्तावित तारीख 90 दिन पहले किसी एक राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र में और संबंधित स्थान में परिचालित होने वाले एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में प्रकाशित न कर दे तथा बंद करने की प्रस्तावित तारीख से न्यूनतम 90 दिन पहले रिज़र्व बैंक को सूचित न कर दे।

वी० एस० एन० मूर्ति
प्रभारी मुख्य महा प्रबंधक

---

सं० डीएनबीएस. 137/सीजीएम (वीएसएनएम)–2000—भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45 ङ क की उप धारा (1क) द्वारा प्रदत्त

शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक एतद्द्वारा यह निदेश देता है कि 2 जनवरी 1998 की अधिसूचना सं० डीएफसी/117/डी०जी (एसपीटी)/98 में निहित निदेश तत्काल प्रभाव से निम्नप्रकार संशोधित होंगे, अर्थात्—

पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (ख) में मद (viii) के बाद निम्नलिखित नयी मद जोड़ी जायेगी, अर्थात्—

"(ix) जमाराशियां प्राप्त करने के लिए नयी शाखाएं या कार्यालय खोलने या उनको बंद करने की स्थिति में और एजेंट नियुक्त करने के मामले में, क्योंकि कंपनी ने दिनांक 31 जनवरी 1998 की अधिसूचना सं० डीएफसी. 118/डीजी (एसपीटी)/98 में निहित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी जनता से प्राप्त जमाराशियों का स्वीकरण (रिज़र्व बैंक) निदशावली, मेंनि अपेक्षाओं का अनुपालन किया है।"

वी० एस० एन० मूर्ति
प्रभारी मुख्य महा प्रबंधक

---

सं० डीएनबीएस. 138/सीजीएम (वीएसएनएम)–2000—भारतीय रिज़र्व बैंक इस बात से संतुष्ट होकर कि ऐसा करना आवश्यक है, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45 ढ ग के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा यह घोषित करता है कि—

(1) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45झ क, 45झ ख और 45झ ग के प्रावधान ऐसी किसी गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर लागू नहीं होंगे।

(i) जो

(क) किसी कारोबारी उद्यम के लिए अधिकतम रु० 50,000 का तथा किसी गरीब व्यक्ति को अपनी आय और जीवन स्तर को बढ़ाने में समर्थ बनाने के लिए किसी आवासीय इकाई की लागत की पूर्ति के लिए अधिकतम रु० 1,25,000 का ऋण प्रदान कर रही है;

(ख) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त है; और

(ग) 31 जनवरी 1998 की अधिसूचना सं० 118/डीजी (एसपीटी)–98 के पैराग्राफ 2 (1) (xii) में यथापरिभाषित जनता से जमाराशियां स्वीकार नही कर रही है।

(ii) जो 31 जनवरी, 1998 की अधिसूचना सं० डीएफसी. 118/डीजी (एसपीटी)–98 में निहित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी जनता से प्राप्त जमाराशियों का स्वीकरण (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1998 के पैराग्राफ 2 (1) (ixक) में यथापरिभाषित परस्पर लाभवाली कंपनी है।

(2) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45झ ख और 45 झ ग के प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45 झ (च) में यथापरिभाषित किसी ऐसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर लागू नहीं होंगे, जो कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 617 में यथापरिभाषित सरकारी कंपनी है।

वी० एस० एन० मूर्ति
प्रभारी मुख्य महा प्रबंधक

सं० डीएनबीएस. 139/सीजीएम (वीएसएनएम)–2000—भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45झ ख की उप धारा (1) के साथ पठित धारा 45 ढ ग के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और 31 जनवरी, 1998 की अधिसूचना सं० डीएफसी. 121/ईडी (जी) में आंशिक संशोधन करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक, इस बात से संतुष्ट होकर कि ऐसा करना आवश्यक है, एतद्द्वारा यह निदेश देता है कि उक्त निदेश तत्काल प्रभाव से निम्नप्रकार संशोधित होंगे, अर्थात् —

पैराग्राफ 1 में, मद (i) और (ii) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् —

"उक्त निवेश की सीमा, दूसरी पूर्ववर्ती तिमाही के अंतिम कार्यदिवस के कारोबार की समाप्ति पर बकाया, गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी जनता से प्राप्त जमाराशियों का स्वीकरण (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1998 के पैराग्राफ 2 (1) (xii) में यथापरिभाषित "जनता से प्राप्त जमाराशियों" के निम्नानुसार होगी—

| | | |
|---|---|---|
| (i) | 1 अप्रैल 1998 को तथा उक्त दिनांक से | 12.5 प्रतिशत से कम न हो; |
| (ii) | 1 अप्रैल 1999 को तथा उक्त दिनांक से | 15 प्रतिशत से कम न हो, और |
| (iii) | 1 जनवरी 2000 को तथा उक्त दिनांक से | अनुमोदित प्रतिभूतियों में 10 प्रतिशत से कम न हो और शेष किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक में भार रहित मावधि जमाराशियों में, जिनका कुल योग 15 प्रतिशत से कम नहीं होगा; |

और"

वी० एस० एन० मूर्ति
प्रभारी मुख्य महा प्रबंधक

---

सं० डीएनबीएस. 140/सीजीएम (वीएसएनएम)–2000—भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45झ ख की उप धारा (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और 30 अप्रल 1997 की अधिसूचना सं० डीएफसी. 108/(ईडी) (जेआरवी)–97 में आंशिक संशोधन करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक इस बात से संतुष्ट होकर कि ऐसा करना आवश्यक है, एतद्द्वारा यह निदेश देता है कि उक्त निदेश तत्काल प्रभाव से संशोधित होंगे, अर्थात्—

1. तिमाही विवरणी 1 के फार्म में मद 9 के बाद निम्नलिखित मद 10 जोड़ी जायेगी, अर्थात् :

"10. जमाराशियां प्राप्त करने वाली शाखाओं/कार्यालयों से संबंधित सूचना निम्नलिखित है :

(क) नयी शाखाएं/कार्यालय खोलना

| शाखाओं/कार्यालयों के नाम और पते | खुलने की तारीख | भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पत्राचार की संदर्भ संख्या और तारीख | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|

(ख) शाखाएं/कार्यालय बंद करना

| शाखाओं/कार्यालयों के नाम और पते | प्रचार की तारीख | बंद करने की तारीख | भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पत्राचार की संदर्भ संख्या और तारीख | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|

2. तिमाही विवरणी-ii के फार्म में, मद 6 और 7 निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित होंगे, अर्थात्—

"6. उपर्युक्त मद 5 (सी)) जमाराशि की——— 120 प्रतिशत रखी जाने वाली अर्थसुलभ आस्ति की निर्धारित राशि

(अनुमोदित प्रतिभूतियों के ब्योरे उनके बाज़ार मूल्य के साथ तथा विवरणी की तारीख को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में रखी गयी सावधि जमा के ब्योरे अलग अनुबंध में दिये जायें)

7. क्या कंपनी ने तिमाही के दौरान भार रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की सावधि जमाराशियों में दैनिक आधार पर अपेक्षित आस्तियां रखी हैं (नीचे नोट 1 देखें)

3. तिमाही विवरणी-ii के फार्म में, मद 10 के बाद निम्नलिखित मद 11 जोड़ी जायेगी, अर्थात्—

"11. जमाराशियां प्राप्त करने वाली शाखाओं/कार्यालयों से संबंधित सूचना निम्नलिखित है.

(क) नयी शाखाएं/कार्यालय खोलना

| शाखाओं/कार्यालयों के नाम और पते | खुलने की तारीख | भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पत्राचार की संदर्भ संख्या और तारीख | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|

(ख) शाखाएं/कार्यालय बंद करना

| शाखाओं/कार्यालयों के नाम और पते | प्रचार की तारीख | बंद करने की तारीख | भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पत्राचार की संदर्भ संख्या और तारीख | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|

वी० एस० एन० मूर्ति
प्रभारी मुख्य महा प्रबंधक

भारतीय रिज़र्व बैंक

प्रशासन और कार्मिक प्रबंध विभाग

केंद्रीय कार्यालय, मुंबई–400001

दिनांक 11 सितंबर 1998 की अधिसूचना सं० 1 के लिए शुद्धिपत्र/संशोधन

शुद्धिपत्र

(1) 'प्रशासन और कार्मिक प्रबंध विभाग मुंबई–400 001, 11 सितंबर 1998' शब्दों के स्थान पर बैंक का नाम, विभाग और अधिसूचना सं० निम्नानुसार पढ़े जाएं ।

"भारतीय रिज़र्व बैंक

प्रशासन और कार्मिक प्रबंध विभाग

केंद्रीय कार्यालय, मुंबई–400 001

अधिसूचना सं० 1 दिनांक 11 सितम्बर, 1998"

(2) पृष्ठ सं० 464 (मद सं० 1 पंक्ति 6) के हिंदी अनुवाद में विदेशी मुद्रा नियंत्रण परिचालन और विभाग बैंकिंग विकास विभाग' छप गया है । उसे सही रूप में "विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग, बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग" पढ़ा जाए ।

संशोधन

क्षेत्रीय प्रमुखों का पदनाम परिवर्तित करते हुए 'क्षेत्रीय निदेशक' कर दिया गया है और इस परिवर्तन को दिनांक 11 सितंबर, 1998 को हस्ताक्षर करने की अधिसूचना सं० 1 शामिल करने का बैंक की केन्द्रीय बोर्ड की समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। अधिसूचना में परिणामी संशोधन नीचे दर्शाये गये है ।

| मद सं० | पैरा/उप–पैरा सं० | पंक्ति सं० | किये गये संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | मुख्य महाप्रबंधक शब्द के स्थान पर 'क्षेत्रीय निदेशक' किया गया |
| 5 | (i) | 3 | मुख्य महाप्रबंधक शब्द के बाद 'क्षेत्रीय निदेशक' जोड़ा गया |
| 5 | (i) | 5 | मुख्य महाप्रबंधक शब्द के स्थान पर 'क्षेत्रीय निदेशक' किया गया |
| 5 | (iii) | 9 | मुख्य महाप्रबंधक शब्द के स्थान पर 'क्षेत्रीय निदेशक' किया गया |
| 5 | (viii) | 4 | मुख्य महाप्रबंधक शब्द के स्थान पर 'क्षेत्रीय निदेशक' किया गया |
| 5 | ( ) | 4 | मुख्य महाप्रबंधक शब्द के स्थान पर 'क्षेत्रीय निदेशक' किया गया |
| 5 | (xiii) | 3–4 | मुख्य महाप्रबंधक के स्थान पर 'क्षेत्रीय निदेशक' किया गया |
| 5 | (xv) | 4 | मुख्य महाप्रबंधक शब्द के स्थान पर 'क्षेत्रीय निदेशक' किया गया |

एम० जी० विश्वेश्वरन
सहायक महाप्रबंधक

---

सालारजंग संग्राहालय मंडल
हैदराबाद, दिनांक 1999

सं० .....सालारजंग सग्राहालय मंडल हैदराबाद ने सालार जंग सग्रहालय अधिनियम 1961 (1961 के 26) की धारा 28 प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाए जोसालार जंग संग्रहालय 1962 का संशोधित है जो इस प्रकार होगा :—

1. (1) ये विनियम सालार जंग संग्रहालय विनियम (संशोधित) 1999 कहलायेंगे ।

(2) ये केन्द्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित होने के तारीख से लागू होंगे ।

2. (क) सालार जंग संग्रहालय विनियम, 1962 में विनियम 8 में उप विनियम (1–क) उप धारा (ख) के लिए, निम्नलिखित, उप-धारा द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है, जो —

(ख) "श्रेणी–III या श्रेणी–IV पद की रिक्ति के मामले, में रोजगार केन्द्र को अधिसूचित किया जाएगा । समाचार पत्रों में (रोजगार समाचार बुलेटिन को सम्मिलित कर) विज्ञापित किया जाएगा, सूचनापट्ट पर प्रदर्शित किया जाएगा और रेडियो तथा दूर दर्शन पर घोषणा की जाएगी ।"

सचिव —
सालारजंग संग्रहालय मंडल,
सालारजंग संग्रहालय
हैदराबाद ।

अध्यक्ष
सालारजंग संग्रहालय मंडल
सालारजंग संग्रहालय
हैदराबाद ।

---

पाद टिप्पणी

भारत के राजपत्र की धारा 4, भाग–III में प्रमुख विनियम दिनाक 16 जुलाई, 1966 के अधिसूचना सख्या 29 के अनुसार प्रकाशित किया गया और तदुपरांत संशोधन के अनुसार —

1. दिनांक .....का अधिसूचना सं० 16 जुलाई, 1966
2. .....
3. .....
4. .....

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 21 जनवरी, 2000

सं० बी-33(13)2/95-स्था० 4—क० रा० बी० (साधारण) विनियमावली, 1950 के विनियम 10 के साथ पठित क० रा० बी० अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 25 के अनुसरण में अध्यक्ष, क० रा० बी० निगम, असम क्षेत्र के क्षेत्रीय बोर्ड का एतद्द्वारा पुनर्गठन करते हैं। बोर्ड में निम्नलिखित को नामित किया गया है :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मंत्री<br>श्रम एवं रोजगार विभाग<br>असम सरकार | अध्यक्ष |
| 2. | राज्य मंत्री<br>स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण<br>विभाग, असम सरकार | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रशासनिक चिकित्सा एवं<br>स्वास्थ्य अधिकारी,<br>क० रा० बी० योजना, असम | राज्य में क० रा० बी० योजना का प्रभारी अधिकारी—पदेन सदस्य |
| 4. | उप-चिकित्सा आयुक्त<br>क० रा० बी० निगम, पूर्वी जोन<br>कलकत्ता। | पदेन सदस्य |
| 5. | श्री जे० एम० गोस्वामी,<br>सचिव असम, मैनुफक्चरर्स एसोसिएशन<br>बाई लेन नं० 5, इंडस्ट्रियल एस्टेट<br>बामूनी मैदान, गुवाहाटी-21। | नियोजक प्रतिनिधि |
| 6. | श्री ए० सी० दास,<br>सचिव, असम प्लाइवुड मैनुफैक्चरर्स<br>पी० ओ० तिनसुकिया,<br>असम-786125। | नियोजक अतिरिक्त प्रतिनिधि |
| 7. | श्री बी० पी० बक्शी<br>ऑल इंडिया मनुफैक्चरर्स<br>ऑरगनाइजेशन<br>असम स्टेट रोड़,<br>तिनसुकिया-786125<br>असम। | —वही— |
| 8. | श्री एस० के० श्रीवास्तव<br>असम कॉटन मिल्स<br>पी० ओ० चारोद्वार (सुनीतपुर)<br>असम-784103। | —वही— |
| 9. | श्री सुमेर सिंह गौड़,<br>सचिव, आई० एन० टी० यू० सी०<br>असम शाखा, के० सी० नेग रोड,<br>पलटन बाजार,<br>गुवाहाटी-8। | कर्मचारी प्रतिनिधि |
| 10. | श्री डी० पी० यादव<br>महासचिव, भा० म० म०<br>बनीपारा, सिलचर-1<br>असम। | कर्मचारी अतिरिक्त प्रतिनिधि |
| 11. | श्री अमोल घोष दस्तीदार<br>अध्यक्ष, सी० आई० टी० यू०<br>असम राज्य समिति,<br>आनन्द राम बरूह पथ,<br>पलटन बाज़ार, गुवाहाटी-8। | —वही— |
| 12. | श्री नसीरुद्दीन,<br>सचिव, आई० एन० टी० यू० सी०<br>ढुबरी शाखा, असम-783301। | —वही— |
| 13. | आयुक्त एवं सचिव<br>असम सरकार,<br>श्रम एवं रोज़गार विभाग,<br>दिसपुर, असम। | सदस्य, राज्य में रहने वाले क० रा० बी० निगम के सदस्य-पदेन सदस्य |
| 14. | क्षेत्रीय निदेशक,<br>क० रा० बी० निगम, गुवाहाटी<br>असम। | सदस्य सचिव |

एल० एम० महता, महानिदेशक

---

नई दिल्ली, दिनांक 17 जनवरी, 2000

स० एन-15/13/1/11/98-यो० एवं वि०—(2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 01 फरवरी, 2000 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा आन्ध्र प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा नियम-1955 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ आन्ध्र प्रदेश राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात् :—

**आन्ध्र प्रदेश राज्य में प्रकाशम जिले के ओंगोल नगर पालिका सीमा,**

ओंगोल मंडल के अन्तर्गत आने वाले कोप्पोल्लु, पेल्लूरु, चेरूवुकोमनुपालेम वेंगिमुक्कपालेम, मामिडिपालेम लोवगुन्टा, मुक्कितनूतलपाडु, गुड़िगल्लपाडु, और एरराचेरला राजस्व ग्राम की सीमा,

संतनूतलापाडु मंडल के अन्तर्गत आने वाले पेरनिमिट्टा, येन्दुलूर और मंगनूर राजस्व ग्राम की सीमा।"

जी० एल० कपूर,
निदेशक (यो० एवं वि०)

---

नई दिल्ली, दिनांक 14 जनवरी 2000

सं० यू-16/53/पी० टी० एम० आर०/कर्ना०/99-चि० 2:—कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के

विनियम–105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024(जी) दिनांक 23–5–1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा निम्नलिखित डाक्टर को मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर निम्नलिखित तिथि तक एक वर्ष के लिए या पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पूर्व हो, को उपचिकित्सा आयुक्त (दक्षिण क्षेत्र), बंगलौर द्वारा निर्धारित क्षेत्र के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूं ।

| क्रं० सं० | डाक्टर का नाम | अवधि | केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | डा० एम० विजय | 22–02–2000 से 21–02–2001 | मैसूर क्षेत्र |

डा० (श्रीमती) एस० सिंह,
चिकित्सा आयुक्त ।

---

सं० एन०–15/13/10/2/98–यो० एं० वि०–(2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम–1950 के विनियम 95–क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा–46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 01 फरवरी, 2000 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम–95–क तथा उड़ीसा कर्मचारी राज्य बीमा निमम–1951 में निर्दिष्ट चिकित्सा हित-लाभ उड़ीसा राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात्.–

"जिला कटक के चौद्धार, तहसील टाँगी के मंगुली, कैरापारी, बोन्डल, बैन्चुआ, कोटसाही, गनरवा क्षेत्र के राजस्व गांव।"

जी० एल० कपूर,
निदेशक (यो० एवं वि०)

---

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

(केन्द्रीय कार्यालय)

नई दिल्ली-110066, दिनांक 12 जनवरी 2000

सं. 2/1959/डी.एल.आई./एक्जम/89/भाग-4/5302 —जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित स्थापना ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अन्तर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हैं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं जो कि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार भारत सरकार/केन्द्रीय सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना सं. तथा तिथि जो इसके स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गयी है के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 के निर्धारित शर्तों को रहते हुए केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त से उक्त स्कीम के सभी प्रावधानों के संचालन से प्रवर्तक स्थापना को आगे 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान कर दी है बशर्ते कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शायित है ।

अनुसूची–1

| क्र० सं० | स्थापना का नाम और पता | कोड नं० | सरकारी अधिसूचना की सं० व दिनांक जिसके द्वारा छूट प्रदान/विस्तार की गई | छूट समाप्ति की तिथि | छूट विस्तार की तिथि | के०भ० नि० आ० फाईल सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मै० आन्ध्रा प्रदेश स्टेट कोप० ओ०रेटिव बैंक लि० मु० कार्यालय टरूप बाजार पो० बा० नं० 142, हैदराबाद–500001 | ऐपी/2340 | 2/1959/डीएलआई०/एक्जम /89/पी टी/दि० 21–10–96 | 30–11–96 | 1–12–96 से 30–11–99 | 2/3767/91/ डीएलआई |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | मै० बापाट्टा इंजीनियरिंग कालेज, वायाटूला—522101 | ऐपी/16525 | 10—1—94 | 31—8—95 | 1—9—95 से 31—8—98 1—9—98 से 31—8—2001 | 2/4333/92 |
| 3. | मै० स्पेक्ट्रा फूड्स एण्ड बेविरेजस प्रा० लि० टाडीगाडापा विजयवाडा—521137 | ऐपी/जीटी/13987 | 8—1—93 | 31—12—94 | 1—1—95 से 31—12—97 1—1—98 से 31—12—2000 | 2/3202/90 |
| 4. | मै०ए० ए० एन० एम० एण्ड वी०वी०आर०एस०आर० पोलीटेक्निक, गुडलावायेरू कृष्णा जिला—521356 | ऐपी/जीटी/16537 | 29—1—93 | 28—2—94 | 1—3—94 से 28—2—97 1—3—97 से 28—2—2000 | 2/4392/92 |
| 5. | मै० श्री सत्यासाई इंस्टीटयूट आफ हायर लरनिंग प्रशासनीयलाय अनन्तपूर—जिला—515134 | ऐपी/20080 | 29—8—97 | 31—3—96 | 1—4—96 से 31—3—99 1—4—99 से 31—3—2002 | 2/4534/92 |
| 6. | मै० भाइरत्न भाई जे० चेने पारसी हाई स्कूल 119, पार्क लेन, सिकन्दराबाद। | ऐपी/9271 | 22—12—92 | 31—8—92 | 1—9—92 से 31—8—95 1—9—95 से 31—8—98 1—9—98 से 31—8—2001 | 2/4282/92 |
| 7. | मै० सिबकर आटो पार्टस लि०, इन्डस्ट्रीयल स्टेट रानीगुटा मार्ग, तिरूपति—517506 | ऐपी/18114 | 10—11—98 | 31—3—99 | 1—4—99 से 31—3—2002 | 1/121/98 |
| 8. | मै० कनाका दुर्गा ग्रामीण बैंक 9/225, गौरीशंकारापुरम गुडीवाडा—521301 | ऐपी/16704 | 5—5—93 | 31—3—95 | 1—4—95 से 31—3—98 1—4—98 से 31—3—2001 | 2/3205/90 |

## अनुसूची-1

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) के खण्ड के अधीन समय-समय पर निर्देश करें।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों को प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण, निरीक्षण प्रभारी का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उसमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहु-संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई कर्मचारी जो भविष्य निधि या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले ही सदस्य है, उसकी स्थापना में नियोजित किया जाता है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के आधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के आधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में सामूहिक रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिसमें कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के आधीन लाभ उपबन्ध लाभों से अधिक अनुकूल हों जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के आधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय हो तो जब वह उक्त स्कीम के आधीन होता तो नियोजक कर्मचारी के विधि वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकार के रूप में दोनों राशियों के बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने के पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है आधीन नहीं रह जाता या इस स्कीम के आधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली किसी राशि से कम हो जाए तो रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रह जाता है और पालिसी को व्यपगत होने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट दी गई हो तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम-निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

के. एल. तनेजा
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

---

सं. 2/1959/डी.एल.आई./भाग-1/एक्जम/89/5321—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट है कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जबकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने प्रत्येक के सामने उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त तमिलनाडु ने स्कीम की धारा 28 (7) के अंतर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के संचालन की छूट प्रदान कर दी है ।

अनुसूची—1

| क्रम सं० | स्थापना का नाम और पता | कोड नं० | छूट की प्रभावी तिथि | के०भ०नि० आ०फा०नं० |
|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | 4 | 5 |
| 1. | मै० साकेश एंड क्रिम्स 10, सरदार पटेल मार्ग, अदियार, चेन्नई–600020 | टीएन/9643ए | 1–11–98 से 31–10–2001 | 14/657/99/डीएलआई |
| 2. | मै० करपागम इन्डस्ट्रीज प्रा० लि०, सिडको इन्डस्ट्रियल स्टेट कोयम्बटूर–21 | टीएन/21260 | 1–12–98 से 30–11–2001 | 14/658/99 |
| 3. | मै० पोपुलर लेदर्स प्रा० लि०, 51–सी, सिडको इन्डस्ट्रियल कोम्पलैक्स, रानीपेट–3 | टीएन/23686 | 1–8–96 से 31–7–99 | 14/659/99 |
| 4. | मै० कोशिक कैमिकल्स लि०, प्लाट नं० 6–ऐ, सिपकोट इन्डस्ट्रियल कोम्पलैक्स, रानीपेट–623403 | टीएन/26465 | 1–2–96 से 31–1–99 | 14/660/99 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 5. | मै० कल्यानी कन्स्ट्रेक्शन प्रा० लि०, नं० 9, बाजुला मार्ग, टी० नगर, चेन्नई–600017 | टीएन/26841 | 1–1–99 से 31–12–2001 | 14/661/99 |
| 6. | मै० साफ्ट वेयर सोलूशन इन्टैग्रेटिड लि०, नं० 54 थिरूमलाई मार्ग, टी० नगर, चेन्नई–600017 | टीएन/31265 | 1–11–98 से 31–10–2001 | 14/662/99 |
| 7. | मै० इन्टरनैशनल बैंकिंग प्रोडक्टस लि०, एडजोनिंग अरोफूड कोम्पलैक्स पोस्ट, टी० सी० पालम–605111 | टीएन/32771 | 26–9–97 से 25–9–2000 | 14/663/99 |
| 8 | मै० बालाजी इन्डस्ट्रियल कोर्पोरेशन लि०, नं० 9, बाजुलन मार्ग, चेन्नई–600017 | टीएन/39233 | 1–1–99 से 31–12–2001 | 14/664/99 |
| 9. | मै० इन्डस प्लोवर, 19, चोथा मैन मार्ग, कस्तूरबा नगर, अदियार, चेन्नई–600020 | टी०एन/39993 | 1–12–98 से 30–11–2001 | 14/665/99 |
| 10. | मै० हरिता इन एंड सर्व लि०, नं० 8, हाडडोस मार्ग, चेन्नई–600006 | टीएन/40155 | 1–11–98 से 31–10–2001 | 14/666/99 |
| 11. | मै० जय प्रभाजर स्पिरगस लि०, प्लाट नं० 22–25, गांव सैनगुन्द्रम मेरीमलाई नगर सिगापरमोइल कोयल स्ट्रीट–603204 | टीएन/40168 | 1–7–98 से 30–6–2001 | 14/667/99 |

अनुसूची-2

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसा लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2 (क) के खण्ड के अधीन समय-समय पर निदेश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में जिसको अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण, निरीक्षण प्रभारों का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उसमें संशोधन किया जाये, तब उसे संशोधनों की प्रति तथा कर्मचारियों की बहु-संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो भविष्य निधि या उक्त अधिनियम के अधीन स्थापित किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में अपना नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को सदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में सामूहिक रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिसमें कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन लाभ उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हों, जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय हो तो जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो नियोजक कर्मचारी को निधि वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकार के रूप में दोनों राशियों के बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने के पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली किसी राशि से कम हो जाए तो स्कीम रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश उस नियम तारीख के भीतर जो बीमा निगम नियत करे प्रीमियम का संदाय करने में असफल रह जाता है और पालिसी को व्यपगत होने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट दी गई हो तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाली किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

के. एल. तनेजा
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-4/5336—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है । (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हैं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय, भारत सरकार/केन्द्रीय सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना सं. तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गयी है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 के निर्धारित शर्तों के रहते हुए केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने उक्त स्कीम के सभी उपबंधों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को आगे 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान कर दी है जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया है ।

अनुसूची—1

| क्रम सं० | स्थापना का नाम और पता | कोड नं० | सरकारी अधिसूचना की सं० व दिनांक जिसके द्वारा छूट प्रदान/विस्तार की गई | छूट समाप्ति की तिथि | छूट विस्तार की तिथि | के०भ०नि०आ० की फाईल सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मै० इन्डियन आयल कोर० लि०, 7, इन्डस्ट्रियल एरिया स्कोप काम्पलैक्स कोर–2 लोधी रोड़, नई दिल्ली-3 | डीएल/1338 | 2/1959/डीएलआई/एक्जम/89/पीटी/718 दिनांक 13–5–99 | 22–5–99 | 23–5–99 से 22–5–2002 | 2/131/80/डीएल आई |
| 2. | मै० रैनबक्सी लैबोटरीस 25, नेहरू प्लेस नई दिल्ली–19 । | डीएल/1546 | 5–7–99 | 28–2–99 | 1–3–99 से 28–2–2002 | 2/722/82 |
| 3. | मै० इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस (आई) लि०, कोर–3, स्कोप काम्पलैक्स 7, इंडस्ट्रियल एरिया, लोधी रोड़, नई दिल्ली–110003 । | डीएल/2921 | एस–35014/218/83-11 एसएस–11 दि० 23–2–87 | 23–12–89 | 24–12–89 से 23–12–92<br>24–12–92 से 23–12–95<br>24–12–95 से 23–12–98 | 2/116/78 |
| 4. | मै० कोनटिनेन्टल डिवाईस इंडिया लि०, सी–120, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली–110028 | डीएल/3141 | 2/1959/डीएलआई/एक्जम/89/पीटी/1431 दि० 10–6–99 | 30–6–97 | 1–7–97 से 30–6–2000 | 3/76/99 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | मै० बसु एण्ड एसोसियेट प्रा० लि०, पाकेट बी–2, जी ब्लाक मार्केट साकेत, नई दिल्ली–17 | डीएल/6609 | 12–4–99 | 28–2–99 | 1–3–99 से 28–2–2002 | 3/25/98 |
| 6. | मै० सलोरा इन्टरनेशनल लि०, डी/13/4 ओखला इन्डस्ट्रियल एरिया, फेस–1, नई दिल्ली–25 | डीएल/6935 | 28–4–97 | 31–7–95 | 1–8–95 से 31–7–98 | 2/1568/88 |
| 7. | मै० गर्बलर इंडिया लि०, 1, श्री अरबिन्दू मार्ग, नई दिल्ली–16. | डीएल/7433 | 24–1–99 | 31–7–99 | 1–8–99 से 31–7–2002 | 3/17/98 |
| 8. | मै० सोवर प्रा० लि०, सी०एस०सी०, सी–9, वसंत कुंज, नई दिल्ली–70 | डीएल/7736 | 3–11–98 | 31–5–99 | 1–6–99 से 31–5–2002 | 2/1683/87 |
| 9. | मै० कोशा डायनमिक्स प्रा० लि० सैड नं०–11 ओखला इन्डस्ट्रियल स्टेट फैस–4, नई दिल्ली–20 | डीएल/9014 | 21–6–99 | 30–11–98 | 1–12–98 से 30–11–2001 | 3/26/98 |
| 10. | मै० मोहन फूटस लि०, 78/3 जनपथ दूसरा मंजिल, नई दिल्ली–110001 | डीएल/14950 | 9–4–99 | 31–12–98 | 1–1–99 से 31–12–2001 | 3/10/96 |
| 11. | मै० स्पन फैशनस लि०, 149, ओखला इन्डस्ट्रियल इस्टेट, नई दिल्ली–110020 | डीएल/15825 | 9–10–98 | 31–5–98 | 1–6–98 से 31–5–2001 | 3/11/98 |

अनुसूची-2

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक ऐसे निरीक्षण प्रभारी को प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) के खण्ड के अधीन समय-समय पर निर्देश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण, निरीक्षण प्रभारी का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उसमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहु-संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई कर्मचारी जो भविष्य निधि या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना का भविष्य निधि का पहले ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में सामूहिक रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिसमें कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन लाभ उपबन्ध लाभों से अधिक अनुकूल हों जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय हैं ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय हो तो जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशिती को प्रतिकार के रूप में दोनों राशियों के बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने के पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम को उसी सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना, पहले ही अपना चुकी है, अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के आधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली किसी राशि से कम हो जाए तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जीवन बीमा निगम नियत करे प्रीमियम का संदाय करने में असफल रह जाता है और पालिसी को व्यगत होने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट न दी गई हो तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाली किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

के. एल. रैनेजा
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

---

नई दिल्ली-66, दिनांक 12 जनवरी 2000

सं. 2/1959/डी.एल आई./भाग-1/एक्जम/89/5382 जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2 (क) के अन्तर्गत छूट के लिए आवेदन किया है । जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है ।

चूंकि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट है कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे है जो कि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है । जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने प्रत्येक के सामने उल्लिखित पिछली तारीख से स्थापना जिस निधि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कलकत्ता ने स्कीम की धारा 28(7) के अन्तर्गत छूट प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के संचालन की छूट प्रदान कर दी है ।

अनुसूची–1

| क्र०सं० | स्थापना का नाम और पता | कोड नं० | छूट की भावी तिथि | के० भ० नि० आ० फा० नं० |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मै० टी० एण्ड आई० लि०, 19, आर० एन० मुखर्जी मार्ग, कलकत्ता–700001 | डब्लूबी14855 | 1–3–98 से 28–2–2001 | 16/85/99/इडीएलआई |
| 2. | मै० होटल हिमालय, 134/1, एम० जी० मार्ग, कलकत्ता–700007 | डब्लूबी/27852 | 1–11–97 से 31–10–2000 | 16/86/99 |

अनुसूची-2

1. उक्त स्थापना के संबंध में नियोजक (जिसे इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) के खण्ड के अधीन समय-समय पर निर्देश करें ।

